# हिन्दी (HINDI) – XII (100 अंक ), 2013

समय : 3 घंटा 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : पूर्ववत्

1\. I. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें— 5×1=5

(i) 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता के कवि कौन है?

(क) सुभद्रा कुमारी चौहान (ख) रघुवीर सहाय

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) ज्ञानेन्द्रिय

(ii) कवि भूषण का प्रथम कविता किस ऐतिहासिक पुरुष से सम्बन्धित है?

(क) तुलसी दास (ख) शिवाजी

(ग) राणा रणजीत सिंह (घ) छत्रसाल

(iii) मोहन राकेश की एकांकी का शीर्षक है—

(क) जूठन (ख) सिपाही की माँ

(ग) शिक्षा (घ) रोज

(iv) 'उसने कहा था' कहानी के कथाकार हैं—

(क) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ख) जयप्रकाश नारायण

(ग) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (घ) ओमप्रकाश

(v) अर्द्धनारीश्वर के लेखक हैं—

(क) जे० कृष्णमूर्ति (ख) उदय प्रकाश

(ग) अज्ञेय (घ) रामधारी सिंह 'दिनकर'।

II\. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। 5×1=5

(i) विपतियाँ मनुष्य को ........... बनाने वाली होती हैं।

(निर्बल/पूर्ण)

(ii) कहती है तुम .......... हो, मेरे मुल्क को बचाने आए हो।

(राजा/लुटेरा)

(iii) मेरा खोया हुआ .......... अब तक मेरे पास न आया। (खिलौना/पिटारा)

(iv) धनि सो पुरुष जस ............ जासू। (कीरति/पीरति)

(v) कविता जो कुछ कह रही है उसे सिर्फ वही समझ सकता है जो इसक एकाकीपन में .......... की आवाज सुन सकता है।

III. सही जोड़े का मिलान करें। 5×1=5

(i) अधिनायक — (क) अज्ञेय
(ii) कविता — (ख) लेख एवं पत्र
(iii) रोज — (ग) भूषण
(iv) शिक्षा — (घ) रघुवीर सहाय
(v) भगत सिंह — (ङ) जे० कृष्णामूर्ति

2. **निम्न में किन्हीं पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दे—** 5×2=10

(क) नारी की पराधीनता कब से प्रारम्भ हुई?
(ख) भगत सिंह की विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं?
(ग) डायरी क्या है? डायरी क्यों लिखनी चाहिए?
(घ) पंच परमेश्वर के खो जाने पर कवि चिंतित क्यों है?
(ङ) शिवाजी की तुलना कवि भूषण ने किन-किन से की है?
(च) हरचरना कौन है? उसकी क्या पहचान है?

3. **सप्रसंग व्याख्या करें।** 2×5=10

(क) निमोनिया से मरने वाले को मुरब्बे नहीं मिला करें।
**अथवा,** जब देश के भाग्य का निर्णय हो रहा हो तो व्यक्तियों के भाग्य को पूर्णतया भुला देना चाहिए।
(ख) आपुन खात, नंद मुख नावत, सो छवि कहत ने बनिया।
**अथवा,** नागरिकों को नहीं पता कि कितने सैनिक गए थे और कितने विजयी वापस आ रहे हैं। खेत रहने वालों की सूची अप्रकाशित है।

4. **किन्हीं दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें—** 2×10=20

(क) 'रोज' कहानी का सारांश लिखें।
**अथवा,** 'अर्द्धनारीश्वर' निबन्ध में व्यक्ति विचारों का सार लिखें।
(ख) 'सूरदास' के प्रथम पद का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें।
**अथवा,** 'गाँव का घर' कविता का सारांश लिखें।

5. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन का संक्षिप्त परिचय दें। 5

6. मुहल्ले में लाउडस्पीकरों के शोर से कष्ट का वर्णन करते हुए समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखें। 6
**अथवा,** पोस्ट मास्टर का मनीऑर्डर गुम होने पर शिकायती पत्र लिखें।

7. **संक्षेपण करें—** 4

स्वतन्त्रता अपने आप में निरपेक्ष नहीं है। एक सीमा पार कर जाने के बाद स्वतन्त्रता स्वेच्छाचारिता और उच्छृंखलता में बदल जाती है। एक व्यक्ति को धन कमाने कीं स्वतन्त्रता हैं, पर काले बाजार की अथवा लूटन की स्वतंत्रता नहीं है। हम एक पागल को मोटर चलाने की स्वतन्त्रता नहीं दे सकते, जबकि एक सामान्य नागरिक को जो मोटर चलाया जानता है, मोटर चलाने का आज्ञापत्र प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती। हमकों लाउडस्पीकर पर गाने की स्वतंत्रता है। किन्तु, हमारे गाने से हमारे पड़ोसी के सोने की स्वतंत्रता नष्ट नहीं होनी चाहिए। जो स्वतंत्रता हमें प्राप्त है, वह दूसरे को स्वतंत्रता में बाधक नहीं होनी चाहिए। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि हर स्वतन्त्रता के साथ एक दायित्व का प्रश्न जुड़ा हुआ है।

8. **निम्नलिखत में से किसी एक पर निबंध लिखें—** 10

(क) राष्ट्रीय एकता
(ख) प्रदूषण
(ग) सह-शिक्षा
(घ) मेरा प्रिय विषय
(ङ) गणतन्त्र दिवस
(घ) बसंत ऋतु।

9. I. **निम्न शब्दों के संन्धि-विच्छेद करें—** 5×1=5

स्वागत, दिगंज, जगन्नाथ, यद्यपि, देवांश।

II. **निम्न अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें—** 5×1=5

जानने की इच्छा, ईश्वर में आस्था रखने वाला, जिसकी सीमा न हो, संगीत जानने वाला, नहीं मरने वाला।

III. **निम्न शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें—** 5×1=5

अपनी, खुशी, जड़, तीव्र, उपयोग।

IV. **निम्न शब्दों के विशेषण बनाएँ—** 5×1=5

[illegible] दिन, जल।